*संपादकीय*

# समीकरण पलट गए हैं

**खुद अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि बीजिंग में हुआ यह समझौता खेल का रुख बदल देने वाली घटना है। इससे अब तक अमेरिका में गहरी बैठी रही इस राय पर अब निर्णायक प्रहार हुआ है कि अमेरिका पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया के लिए अपरिहार्य है।**

**चीन की मध्यस्थता में सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौता हो जाने से अमेरिका के रणनीतिक हलके हतप्रभ हैं। पश्चिम एशिया के जिस क्षेत्र को अमेरिका का प्रभाव क्षेत्र माना जाता था, वहां चीन की इतनी गहरी पैठ बन चुकी है, इसका अंदाजा वहां के नीति निर्माताओं को संभवतः नहीं था। खुद अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि बीजिंग में हुआ यह समझौता खेल का रुख बदल देने वाली घटना है। कहा गया है कि अब तक अमेरिका में गहरी बैठी रही इस राय पर अब निर्णायक प्रहार हुआ है कि अमेरिका पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया के लिए अपरिहार्य है। हालांकि ईरान और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक रिश्ते 2016 में टूटे थे, लेकिन दोनों देशों के संबंध हमेशा से टकरावपूर्ण रहे हैं। ईरान शिया देश है, जबकि सऊदी अरब सुन्नी मुस्लिम दुनिया का नेता समझा जाता है। इस्लाम के भीतर शिया और सुन्नी के टकराव की ऐतिहासिक वजहें रही हैं। हाल के दशकों में इन दोनों देशों के टकराव ने इस्लामी दुनिया को बांटे रखा है। सीरिया, लेबनान, फिलस्तीन से लेकर इराक तक फैली अशांति में इन दोनों देशों के हाथ का पहलू शामिल है। अब अगर सचमुच दोनों देशों में मेलमिलाप होता है, तो उसका असर इन सभी देशों- बल्कि पूरे पश्चिम एशिया पर होगा।**

**दोनों देशों ने चीन की इस राय का समर्थन किया है कि बिना आर्थिक विकास के शांति कायम नहीं हो सकती। जाहिर है, इसी बिंदु पर अपनी ताकत से चीन ने दोनों को प्रभावित किया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, 5-जी, सोलर एनर्जी आदि से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर तक के विकास से जुड़ी संपन्नता का सपना उसने इन देशों को दिखाया है। दोनों देश चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का भी हिस्सा हैं। दरअसल, अगर कुछ आगे बढ़ कर देखें, तो तुर्किये, कतर, यूएई जैसे देश भी चीन के प्रभाव में आते नजर आते हैं। यह पश्चिम एशिया में सचमुच एक बड़े बदलाव का संकेत है। भारत जैसे देशों को, जिनके संबंध चीन से बेहतर नहीं हैं, उन्हें अपनी रणनीति बनाते समय अब इस पहलू को भी ध्यान में रखना होगा।**

# टीम नेतृत्व को लेकर जज्बा खत्म हो गया था: कोहली ने 2021 के बाद आईपीएल कप्तानी छोड़ने पर कहा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान का पद छोडऩे के अपने फैसले पर कहा कि उन्हें खुद से 'भरोसा' उठ गया था और इस काम के लिए उनका 'जज्बा' भी कम हो गया था।

कोहली की कप्तानी में आरसीबी की टीम 2017 और फिर 2019 में आईपीएल तालिका में सबसे नीचे रही थी । कोहली ने भारतीय टी20 टीम की कमान छोडऩे के बाद 2021 सत्र में आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी थी। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसिस टीम के कप्तान बने थे।कोहली ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ आरसीबी के मैच से पहले महिला टीम की खिलाडिय़ों से कहा, जिस समय मेरी कप्तानी का कार्यकाल समाप्त हो रहा था, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुद पर ज्यादा भरोसा नहीं था। इसे लेकर मेरे अंदर कोई जज्बा नहीं बचा था।

उन्होंने कहा,

वह हालांकि मेरा अपना नजरिया था, एक व्यक्ति के तौर पर मैं खुद से कह रहा था कि मैंने काफी उतार-चढ़ाव झेले हैं अब इसे और नहीं संभाल सकता हूं।

आरसीबी की टीम 2016 के बाद पहली बार 2020 में प्लेऑफ में पहुंची थी। टीम इसके अलगे दो सत्र में भी इसे दोहरने में सफल रही लेकिन खिताब नहीं जीत सकीं।उन्होंने कहा, अगले सत्र (2020) में टीम में नये खिलाड़ी जुड़े, उनके पास नये विचार थे और यह एक और मौके की तरह था। वे काफी रोमांचित थे, व्यक्तिगत तौर पर हो सकता है कि मैं उतना उत्साहित नहीं था लेकिन उनकी सकारात्मक ऊर्जा से हम लगातार तीन साल प्लेऑफ में पहुंचे।

भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने कहा, हम हर सत्र की शुरुआत उसी उत्साह के साथ करते हैं जो पहले था। मैं अब भी उत्साहित महसूस कर रहा हूं। टीम को सफलता दिलाना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, अगर किसी के आत्मविश्वास में कमी होती है तो दूसरे खिलाड़ी उसका हौसला बढ़ाते हैं।कोहली ने 2021 टी20 विश्व कप के बाद भारत के टी20 कप्तान के रूप में पद छोडऩे का मन बना लिया था। बाद में उन्हें एकदिवसीय की कप्तानी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके बाद टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी। भारतीय टीम से कप्तानी की भार से मुक्त होने के बाद उन्होंने आरसीबी के कप्तान पद को छोडऩे का फैसला किया।दिल्ली के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनके करियर में ऐसे दौर आए जब उन्होंने असुरक्षा की भावना महसूस की और उन्होंने अपनी प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, मैंने लंबे समय से खेल रहा हूं ऐसे में मुझे अच्छे प्रदर्शन को लेकर खुद को लगातार याद दिलाने की जरूरत होती हैं। यहां तक की टीम के युवाओं के पास भी नया नजरिया होता है। कई बार मैं दबाव में रहा हूं, मेरे अंदर भी असुरक्षा की भावना रही है। मैंने अपने प्रदर्शन को अपनी प्रतिष्ठा से जोडऩे की कोशिश की है। मैं खुद से कहता था कि 'ओह, मैं विराट कोहली हूं, मुझे हर मैच में प्रदर्शन करना है। मैं आउट होने का जोखिम नहीं उठा सकता'।

## गौतम अडानी को राहत, बीएसई-एनएसई ने ग्रुप की 3 कंपनियों को निगरानी से हटाया



**नई दिल्ली।** मुश्किलों में घिरे गौतम अडानी को बीएसई-एनएसई की तरफ से बड़ी राहत मिली है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एक फैसले से अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी को बड़ी राहत मिली है। एनएसई और बीएसई ने अडानी ग्रुप की तीन कंपनियां- अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पॉवर और अडानी विल्मर के शेयर्स पर से निगरानी (शॉर्ट टर्म सर्विलांस) हटा दी है। सर्कुलर के मुताबिक 17 मार्च से इन स्टॉक्स को शॉर्ट टर्म सर्विलांस से बाहर रखा जाएगा।

एनएसई और बीएसई ने ग्रुप की इन 3 कंपनियों को 8 मार्च से सर्विलांस के दायरे में रखा था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस शॉर्ट टर्म सर्विलांस के हटने से इन कंपनियों के शेयर प्राइस में तेजी देखने को मिल सकती है। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 443 अंक की बढ़त के साथ 58,078.11 अंक पर खुला। जबकि एनएसई निफ्टी में 147.80 अंक की तेजी देखी गई और ये 17,133.40 अंक पर खुला।

सर्विलांस के रहते इन कंपनियों के शेयर्स में इंट्रा-डे ट्रेडिंग के लिए 100 फीसदी अपफ्रंट मार्जिन की आवश्यकता होती है।बाजार में हाई लेवल पर उतार-चढ़ाव के बीच निवेशकों की सुरक्षा के लिए कुछ शेयर्स को शॉर्ट टर्म सर्विलांस फ्रेमवर्क में रखा जाता है।

बता दें कि निगरानी में रखे जाने के बाद 9 मार्च से इन शेयरों में गिरावट देखने मिली है। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर में 6 प्रतिशत और अडानी विल्मर में 11प्रतिशत की गिरावट आई है, हालांकि अडानी पावर में 1.5प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अडानी ट्रांसमिशन, अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी टोटल गैस के शेयर्स अभी लंबी अवधि तक अतिरिक्त निगरानी के लिए शॉर्ट टर्म सर्विलांस के तहत बने रहेंगे।

## बीएनआई की 'बिग लीप' एग्जीबिशन आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एनएच8 पर स्थित बेला मोंडे होटल में 18 मार्च को एग्जीबिशन 'बिग लीप' का आयोजन किया जाएगा। बीएनआई की तरफ से अपने सदस्यों के लिए इस एग्जीबिशन का आयोजन हो रहा है। एग्जीबिशन में 60 से ज्यादा स्टाल लगेंगे और सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक एग्जीबिशन में विजिट की जा सकती है। एग्जीबिशन में जो स्टाल लगने हैं उनमें एक स्टाल इलेक्ट्रानिक उत्पादों का है और उसमें एक टीवी ग्रेटीट्यूड ड्रा के माध्यम से निकाला जाएगा। टीवी सोनी का 55 इंच वाला है। इस एग्जीबिशन में नामवर कंपनियां शिरकत कर रही हैं। विशाल नेटवर्किंग के लिए यह एग्जीबिशन काफी सहायक साबित होने वाली है।

## वॉर्नर ने पंत की अनुपस्थिति में अतिरिक्त प्रयास करने का संकल्प लिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के नवनियुक्त कप्तान डेविड वॉर्नर ने कहा कि ऋषभ पंत के अस्वस्थ होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में उन्हें एक बड़े खिलाड़ी की कमी पूरी करनी होगी और साथ ही संकल्प लिया कि इस भारतीय स्टार की अनुपस्थिति में टीम खिताब जीतने के लिए अतिरिक्त प्रयास करेगी।

पंत की अनुपस्थिति में वॉर्नर को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने इसके बाद टीम के नियमित कप्तान पंत को संदेश भेजा जिनका अभी उपचार चल रहा है।

वॉर्नर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी बयान में कहा, हम हर सत्र में प्रेरित होते हैं लेकिन इस साल आपकी अनुपस्थिति में हम खिताब जीतने के लिए अधिक प्रेरित हैं। हम आपके स्वस्थ होने की यात्रा में आपके साथी बनने जा रहे हैं। हम आपको विशेष संदेश भेजने जा रहे हैं और उम्मीद है कि आप हमारे एक मैच में उपस्थित रहोगे।

उन्होंने कहा, दिल्ली कैपिटल्स परिवार की तरफ से मैं आपके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पंत पिछले साल 30 दिसंबर को सडक़ दुर्घटना में घायल हो गए थे। अक्षर पटेल को वॉर्नर के साथ फ्रेंचाइजी का उप कप्तान बनाया गया है।

सलामी बल्लेबाज वॉर्नर ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं जिसमें अक्षर को उप कप्तान बनाया गया है। हमें एक बड़े खिलाड़ी की कमी को पूरा करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2023 में अपना पहला मैच एक अप्रैल को लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ खेलेगा।

# दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के आगामी सत्र के लिए वार्नर को कप्तान बनाया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर को ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया।

टीम के नियमित कप्तान पंत कार दुर्घटना में लगी गंभीर चोट से उबर रहे हैं और वह 31 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सत्र में टीम में वापसी नहीं कर पायेंगे।

भारतीय हरफनमौला अक्षर पटेल दिल्ली टीम के उप-कप्तान होंगे। उन्होंने पिछले सत्र में भी यह जिम्मेदारी निभाई थी।

दिल्ली कैपिटल्स ने भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) प्रमुख सौरव गांगुली को फ्रेंचाइजी का क्रिकेट निदेशक बनाने की घोषणा की। गांगुली इससे पहले भी 2019 सत्र के दौरान मेंटॅर की भूमिका में दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े रहे हैं।

यहां जारी विज्ञप्ति में वार्नर ने कहा, ऋषभ दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक शानदार कप्तान रहे हैं और हम सभी को उनकी कमी खलेगी। टीम प्रबंधन ने इस जिम्मेदारी के साथ मुझ पर जो विश्वास जताया है उस भरोसे के लिए मैं उन्हें शुक्रिया कहना चाहता हूं।



उन्होंने कहा, इस फ्रेंचाइजी के साथ मुझे हमेशा घर जैसा महसूस हुआ है। मैं खिलाडिय़ों के प्रतिभाशाली समूह के नेतृत्व को लेकर काफी उत्साहित हूं।

पंत के चोटिल होने के बाद वार्नर का कप्तान बनना पहले से ही लगभग तय था। पंत 2021 से इस टीम का नेतृत्व कर रहे थे। वह दिसंबर में दिल्ली से रुडक़ी जाते समय कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गये थे। इसके बाद मुंबई में उनके घुटने की सफल सर्जरी हुई।

वार्नर भारत के खिलाफ मुंबई में शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में शामिल हैं। वह आईपीएल के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने 2009 के बाद से 13 सत्र के 162 मैचों में 5881 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 42.01 और स्ट्राइक रेट 140.69 का रहा है। उन्होंने चार शतक और 55 अर्धशतक भी लगाए हैं।

## कोहली के संदेश ने जोश से भर दिया: कणिका



**मुंबई।** प्रतिभाशाली ऑलराउंडर कणिका आहूजा ने कहा कि भारत के महान बल्लेबाज विराट कोहली के साथ बातचीत ने उनका हौसला बढ़ाया जिससे उन्होंने 46 रन की आक्रामक पारी खेल कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में पहली जीत दिलायी।

आरसीबी की टीम ने 18 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 136 रन का लक्ष्य हासिल कर लगातार पांच मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया।

पंजाब की 20 साल की कणिका ने 30 गेंद में 46 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलने के बाद कहा, विराट सर ने हमसे कहा कि यहां दबाव की कोई बात नहीं है, यह खुशी की बात है

कोहली बुधवार को भारतीय टीम के वैकल्पिक अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए और इसके बजाय यहां मुंबई में डब्ल्यूपीएल में प्रतिस्पर्धा कर रही आरसीबी महिला टीम से मिले।


पहली बार संवाददाता सम्मेलन में पहुंची कणिका ने कहा, उन्होंने (कोहली) हमसे कहा कि मैदान में उतरने के बाद खुद पर दबाव को हावी नहीं होने दे। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि हमें यहां खेलने का मौका मिल रहा है, सभी को इस तरह का अवसर नहीं मिलता है।

कणिका ने कहा कि वह सूर्यकुमार यादव की तरह मैदान के हर कोने में शॉट खेलने का महारत हासिल करना चाहती है।

मैन ऑफ द मैच कणिका ने 46 रन बनाने के अलावा हिथर नाइट (24) के साथ चौथे विकेट के लिए 46 और रिचा घोष ( नाबाद 31) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में एक बात थी कि चाहे कुछ भी हो, हमें जीतना ही है। लक्ष्य बड़ा नहीं था इसलिए हम समय लेकर परिस्थितियों के अनुसार खेल सकते थे। हमने कमजोर गेंदों का फायदा उठाने का इंतजार किया।

## राधिका आप्टे की मिसेज अंडरकवर इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देगी दस्तक



अपनी दमदार एक्टिंग से एक अलग ही पहचान बनाने वाली राधिका आप्टे का बॉलीवुड में एक अलग ही क्रेज नजर आता है. राधिका आप्टे का नाम फिल्म इंडस्ट्री की उन अदाकाराओं में लिया जाता है जो अपने किरदार के अंदर पूरी तरह से घुस जाने की आर्ट में माहिर है. एक्ट्रेस के फैंस उनकी फिल्मों का बहुत ही बेसब्री से वेट रहता है. फैंस के इसी इंतजार को देखते हुए राधिका आप्टे बहुत जल्द स्पाई एजेंट के रोल में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है.

अनुश्री मेहता के द्वारा रिटेन और डायरेक्ट अपकमिंग मूवी मिसेज. अंडरकवर में राधिका आप्टे दुर्गा नाम की स्पाई एजेंट जो कि दस साल पहले ही इस काम को छोड़ चुकी है को एक बार फिर से काम पर वापस बुलाया जाएगा. आपको बता दें कि दुर्गा पूरे दस सालों तक हाउस वाइफ रही है तो वो एजेंट होने के बारे में सब भूल चुकी होती हैं. इसी के बाद स्टोरी आगे बढ़ती हुई नजर आएगी. राधिका आप्टे के अलावा इस स्पाई कॉमेडी फिल्म में सुमित व्यास और राजेश शर्मा भी नजर आने वाले हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की डायरेक्टर ने कहा है कि उनकी कोशिश ये है कि इस मूवी से दर्शकों को एंटरटेन करने के साथ उन्हें मजबूत बनाना है. इसके साथ डायरेक्टर ने भी कहा कि ये फिल्म एक मल्टीटास्कर हाउस वाइफ की स्टोरी है जो घर का काम देखने के साथ बहुत ही शानदार अंदाज से जासूसी भी करती है.

## विक्की-कैटरीना ने की मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में रानी मुखर्जी की अदाकारी की प्रशंसा



रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे इन दिनों सुर्खियों में है। इसमें अनिर्बान भट्टाचार्य, जिम सरभ और नीना गुप्ता जैसे कलाकार भी हैं। फिल्म 17 मार्च को दर्शकों के बीच आएगी। हालांकि, फिल्म के शुरुआती रिव्यू सामने आ चुके हैं, जिसमें रानी की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। अब इस कड़ी में विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने भी रानी की अदाकारी की प्रशंसा की है। विक्की-कैटरीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा किया है।

कैटरीना ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, कितनी अविश्वसनीय और मनोरंजक कहानी है। बस आपको बांधे रखती है। रानी मुखर्जी आपकी प्रतिभा का वर्णन करने के लिए शब्द नहीं हैं। पूरी टीम को बहुत बधाई।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कोई ऐसा काम आपके पास आएगा, जिससे आपको धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और बेहतर हो जायेगी।

***वृष :*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन उम्दा रहेगा, जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बीतेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। कार्यालय जाते समय आप कोई जरूरी फाइल/कागज भूल सकते हैं।

***मिथुन :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा लाभदायक हो सकती है। आपका व्यवहार दूसरों को प्रभावित कर सकता है। आज हर तरह के मामलों में आप शांत मन से विचार करेंगे।

***कर्क :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा। घर में बच्चों की बर्थडे पार्टी का आयोजन करेंगे।

***सिंह :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई काम पूरा होने में थोड़ी अड़चन आ सकती है। किसी अनुभवी की मदद आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। समाज के लोग आपके पक्ष में रहेंगे। दोस्तों का भी आपको भरपूर सहयोग मिलेगा।

***कन्या :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने से आपको फायदा होगा। किसी अनुभवी की मदद से आपको धन लाभ की प्राप्ति होगी। पहले किए गये कामों से आपको लाभ होगा।

***तुला :*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों के साथ घर पर समय बिताएंगे जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। इसके अलावा कार्यालय में सहयोगी आपके काम से काफी प्रभावित होंगे।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी सहकर्मी से जरूरी काम पर रोचक चर्चा हो सकती है। दूसरों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।

***धनु :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश रहेंगे, लेकिन आपकी सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कार्यालय में किसी सदस्य से थोड़ी बहस हो सकती है, इसलिए गुस्से पर कंट्रोल रखें।

***मकर :*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज कार्यालय में काम ज्यादा होने की वजह से घर देर से पहुंचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होगा।

***कुंभ :*** आज आर्थिक रूप से आपकी प्रगति होना तय है। जीवन में धन लाभ के नये अवसर आयेंगे। रूके हुये काम पूरे होने पर आपको ख़ुशी का अनुभव होगा। सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

***मीन :*** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धन लाभ के नये रास्ते खुले नजर आएंगे। ऑफिस में आज कोई ऐसा काम आपको मिलेगा, जिसके लिए आप बहुत दिनों से उत्सुक थे। विवाहितों के लिए आज का दिन यादगार रहने वाला है।

## बनारसी स्टाइल में बनाएं हलवा



आज आपको स्वादिष्ट बनारस हलवा की रेसिपी बताएंगे। जो खाने में बहुत ही टेस्टी है।

**सामग्री :**

1/2 कप कद्दू, 1/2 कप चीनी, 1/2 कप घी, 1/2 कप खोया, 2 कप दूध, 1 मुट्ठी बादाम, 1 मुट्ठी काजू, 1/2 छोटा चम्मच हरी इलायची

**विधि :**

सबसे पहले कद्दू को धोकर छील लें। एक ब्लेंडर में कद्दू को ब्लेंड करें और एक स्मूथ पेस्ट बना लें।

- एक पैन लें और इसमें दूध डालें, चलाते रहें। फिर कद्दू का मिश्रण डालकर मिक्स करें ताकि कद्दू का मिश्रण चिपके नहीं।

- अब गैस बंद कर दें।

- दूसरे पैन में घी लें, इसमें मेवे डालकर टॉस करें और निकाल लें।

- इसी बीच, खोये को चलाएं और चीनी डालें, पकाते रहें। फिर आंच को कम कर दें और दूध और कद्दू का मिश्रण डालें। इसे एक साथ चलाएं।

- इसे थोड़ी देर तक पकने दें, मेवे डालें और थोड़ा इलायची पाउडर छिड़कें और आपका हलवा तैयार है।


## शब्द सामर्थ्य- 06

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्‌भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 005 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | |

## सू-दोकू- 06

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.005 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |